of the Indian Olympic Association as mentioned above.

(c) The action of the Government for improving the standad of sports in the country shall be finalised after the exercise of review of performance in Beijing Asian Games is completed.

Review of the hike iu prices

*52. SHRI SHIV PRATAP MISHRA: Will the Ministe of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) whether Government have under taken any review of the hike of oil prices in the country;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) whether Government propose to reduce the oil prices by 25 per cent?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise. *

(cS No.

खाड़ी देशों में भारतीयों को लाने के लिए ए–320 एयर बसों का लगाया जाना

***53. श्रीमती सत्या सहिन :**
श्री एम. विनसेंट :

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खाड़ी के देशों से भा तीयों को यहां लाने के लिए ए–320 एयर बस विमानों को लगाया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इन वायुयानों द्वारा कुल कितनी उड़ाने की गई थीं इन उड़ानों के प्रस्थान तथा गंतव्य स्थानों का ब्यौरा क्या है तथा क्या इन उड़ानों के पूर्व इन विमानों के पायलन चालकों और इंजीनियरों को कोई विशेष प्रशिक्षण दिय गया था ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या इन वायुयानों को घरेलू उड़ानों के लिये दुबारा से प्रयोग में लाया जा रहा है ; और

(ङ) यदि हां, तो इन विमानों को किन मार्गों पर चलाया जा रहा है और किस-किस तारीख से इन उड़ानों को फिर से शुरू किया गया है ?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरमोहन धवन) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) 7-9-1990 से 10-10-1990 के बीच एयरबस ए–320 विमानों से 138 उड़ानें (राउण्ड ट्रिप्स) चलाई गई थी। इनमें से बम्बई/दुबई/बम्बई मार्ग पर 102 उड़ानें परिचालित की गई थी और बम्बई/अमन/दुबई/बम्बई मार्ग पर 36 उड़ान परिचालित की गई थी। कुल मिलाकर इन उड़ानों में 20,396 यात्रियों को निकाला गया था।

इंडियन एयरलाइन्स ने पायलटों और इंजीनियरों को, रामदास तकनीकी समिति की सिफारिशों के अनुसार पुनश्चर्या प्रशिक्षण देने हेतु पर्याप्त कदम उठाये थे।

(घ) और (ङ) जी, हां। इंडियन एयरलाइन्स ने एयरबस ए–320 विमानों को अंतर्देशीय मार्गों पर फिर से उड़ानों में लग दिया है जिनके विवरण नीचे दिये गए हैं :–